घटना

पतौर कोर परिक्षेत्र की घटना, जांच में जुटा प्रबंधन

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ की मौत



**चिल्हारी नवभारत 22 नवंबर।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुक्रवार की दोपहर एक बाघ का शव मिला। घटना टाइगर रिजर्व के पतौर कोर परिक्षेत्र की है, जहां के कुसमहा गांव के समीप बाघ का शव मिला है।

हालांकि यह बाघ दो दिन से पार्क प्रबंधन की निगरानी में था, लेकिन शनिवार को उसकी मौत हो गई। पार्क के क्षेत्र संचालक ने बताया कि मृत बाघ का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। बाघ की उम्र महज दो वर्ष बताई गई है। 20 नवंबर को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र, अंतर्गत ग्राम कुश्माह के कृषि राजस्व क्षेत्र में एक बाघ के लेंटाना में बैठे होने की सूचना मिलने पर वन स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर दूर से बाघ की सतत् निगरानी की गई।

आज भी निगरानी की जा रही थी, जिससे कि बाघ गांव की तरफ ना जा सके। निगरानी के दौरान 21 नवंबर को 11.25 बजे बाघ की मृत्यु हो गई। मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

# बदमाश करिया ने पुलिस पर की फायरिंग, आरक्षक घायल

आरक्षक पर किया था जानलेवा हमला, धनवाही के जंगल में पकड़ा गया

**नवभारत उमरिया 22 नवंबर।** बीते दिनों आरक्षक पर जानलेवा हमला करने वाले कुख्यात बदमाश करिया लोनी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक लगातार तीन दिनों से पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रही थी, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने धनवाही के जंगल से मुख्य आरोपी करिया लोनी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

बताया गया कि पुलिस के सर्च ऑपरेशन के दौरान घटना की मुख्य आरोपी करिया लोनी के धनवाही और भारोला के जंगल में छिपे होने की जानकारी मिली थी, जिसे लेकर पुलिस लगातार प्रयास में जुटी रही। जंगल के पहुंचने की खबर लगते ही करिया लोनी द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गई, जिसमें एक पुलिस कर्मी के घायल होने की खबर मिली है।



### करिया लोनी है दुर्दांत अपराधी

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार आरोपी करिया लोनी है दुर्दांत अपराधी है। इसने बुधवार को पिपरिया पेट्रोल पम्प पर लूट की वारदात को अंजाम दे रहा था। इसी दौरान निहत्थे पुलिस कर्मी पर जानलेवा हमला किया था, जो फिलहाल जबलपुर में इलाजरत है। इसके बाद आरोपी करिया लोनी ने अपने साथियों के साथ हार्वेस्टर ड्राइवर को निशाना बनाया था, इससे इन बदमाशों ने करीब 47 हजार की लूट की थी।

### रेल कर्मी से भी की थी लूट

इसके अलावा लोरहा रेलवे स्टेशन के करीब रेल कर्मी को गम्भीर रूप से लहूलुहान किया था। इस रेल कर्मी से भी इन बदमाशों ने कई हजार की रकम लुटी थी।तीन बदमाशों में एक करिया लोनी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है,जल्द ही बाकी आरोपियों के गिरफ्तारी की बात पुलिस कह रही है।

एक नजर में





## गोंड सभ्यता पर आधारित प्रस्तुतियां दीं

**शहपुरा नवभारत 22 नवंबर।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन डिंडोरी के संयुक्त तत्वाधान में शहपुरा नगर के वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम में जननायक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें गोंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस राजा पेमल शाह पर आधारित प्रस्तुति दी गई, जिसमें नृत्य एवं नाट्य द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन रामचंद्र सिंह और संगीत मिलिंद त्रिवेदी ने दिया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हमारी सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम के जननायकों का इतिहास जन जन तक पहुंचाना है। स्वतंत्रता संग्राम के जननायक को का देश की आजादी में अहम योगदान जननायकों की बलिदान की गाथा जनजातीय जननायकों की शौर्य की गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है।

**इनकी रही उपस्थिति**-कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी ऐश्वर्य वर्मा, तहसीलदार सुंदर लाल यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, बीआरसी गुरु साहू, जनशिक्षक अश्विनी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग दल सोनेलाल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा की असली ताकत हैं कार्यकर्ता : कोठारी

प्रदेश महामंत्री ने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

**डिंडौरी, नवभारत 22 नवंबर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जबलपुर संभाग प्रभारी राहुल कोठारी के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम एवं पदाधिकारियों ने उनका सम्मान किया।

इसके पश्चात उन्होंने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची को पारदर्शी, विश्वसनीय और शुद्ध बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रहकर बाहरी मतदाता, मृत्यु प्रकरण, स्थान परिवर्तन तथा दोहरी प्रविष्टि जैसे मामलों की पहचान कर निर्वाचन आयोग को अवगत कराएं। राहुल कोठारी ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं, जो संगठन को मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

### कार्यकर्ता एसआईआर कार्य पूरी निष्ठा से करें : नेताम

जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य केवल मतदाता सूची का शुद्धिकरण है, किसी वास्तविक मतदाता को परेशान करना नहीं। कार्यकर्ता 4 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में पूरी निष्ठा से जुटें और यदि विपक्ष भ्रम फैलाए तो तथ्यों के साथ जवाब दें। बैठक का संचालन जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन सुधीर तिवारी ने किया।



## सड़क हादसे में प्रौढ़ घायल

**नवभारत, कटनी।** जिले के स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत भरदा बरखेड़ा में शुक्रवार को एक प्रौढ़ को पुलिस कार ने टक्कर मार दी। जिसके कारण प्रौढ़ गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस के चार पहिया वाहन द्वारा एक प्रौढ़ को टक्कर मार दी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्लीमनाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

# भाई ने भाई पर किया जानलेवा हमला

ग्राम बड़ागांव में जमीन विवाद को लेकर विवाद, पिता-पुत्र घायल

**नवभारत नौरोजाबाद 22 नवंबर।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ागांव में जमीन विवाद ने पारिवारिक रिश्तों को झकझोर कर रख दिया। जानकारी के अनुसार बड़े भाई ने जमीन को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई रामदुलारे पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल अवस्था में रामदुलारे अपने परिजनों के साथ थाना नौरोजाबाद पहुंचा और पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई। फरियादी रामदुलारे ने बताया कि लंबे समय से जमीन का मामला चल रहा था, लेकिन अचानक विवाद बढ़ गया और बड़े भाई ने उन पर एवं उनके पुत्र पर हमला कर दिया। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं और उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल निर्मित हो गया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।



# 90 प्रतिशत सब्सिडी पर जुगराजी बैगा को मिली दुधारू भैंस

मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत प्रदान की गई

**नवभारत उमरिया 22 नवंबर।** मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना अंतर्गत उमरिया में 17 बैगा हितग्राहियों को मुर्रा नस्ल की भैस का वितरण किया गया।

योजना का उद्देश्य बैगा, भारिया और सहारिया जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों की आर्थिक स्थिति और पोषण में सुधार करना है। योजना के तहत,इन समुदायों के लाभार्थियों को 90 प्रतिशत सब्सिडी पर दुधारू पशु (गाय या भैस) उपलब्ध कराए जाते हैं। हितग्राही





जुगराजी बैगा निवासी ग्राम पंचायत करकेली ने बताया कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत कार्यालय में आवेदन किया। योजना के तहत 90 प्रतिशत का अनुदान प्रदेश सरकार व्दारा तथा 10 प्रतिशत का अंशदान मेरे व्दारा किया गया।

### दूध की आय से परिवार की बेहतर परवरिश होगी

जुगराजी ने बताया कि योजना के तहत दुधारू भैंस प्रदाय की गई है, इसके साथ 4.50 क्विटल दाना भी दिया गया। इसके अलावा भैस का एक साल का बीमा भी किया गया है। उन्होंने कहा कि भैंस का दूध बाजारों में विक्रय करेंगे, जिससे होने वाली आय से परिवार की परवरिश हो सकेगी।

# पेंशन प्रकरणों का तत्परता से करें निराकरण : कलेक्टर



जिला पेंशन फोरम की बैठक आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 22 नवंबर।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेंशन फोरम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मुख्य पेंशनर संघ एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान पेंशन से जुड़े लंबित प्रकरणों एवं पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिया कि वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियों सहित सभी लंबित पेंशन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि 'पेंशनधारक शासकीय सेवकों के हित सर्वोपरि हैं। अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

**सेवानिवृत्ति के दिन ही कर्मचारी को दस्तावेज उपलब्ध कराए**-उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं सभी विभाग प्रमुखों को यह भी निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों के दस्तावेज पूर्व से पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि सेवानिवृत्ति के दिन ही कर्मचारी को सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा सकें। कलेक्टर ने विशेष रूप से वृद्धा पेंशन, पारिवारिक पेंशन तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशनों के लंबित मामलों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## एमपीएससीएससी एवं मिलर्स की समीक्षा बैठक आयोजित

**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एमपीएससीएससी एवं मिलर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में धान मिलिंग कार्य की प्रगति, उठाव की स्थिति तथा वेयरहाउसों में उपलब्ध स्टॉक का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। कलेक्टर ने वर्ष 2024-25 की धान मिलिंग की समीक्षा करते हुए बताया कि 74275 .38 क्विंटल धान का उठाव लंबित है। शासन द्वारा मिलिंग अवधि बढ़ाए जाने के बाद उन्होंने सभी मिलर्स को 31 दिसंबर 2025 तक शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

**मिलर्स के बीच लॉट आवंटन का निर्णय**-कलेक्टर ने मिलर्स की सहमति से निम्नानुसार लॉट आवंटन किया। एचएच वेयरहाउस से अंश मिल को 12 लॉट, वाहे गुरु मिल को 12 लॉट, भारत राईस मिल को 6 लॉट, एसआरएल वेयरहाउस से वाहे गुरु मिल को 12 लॉट, अंश मिल को 12 लॉट, भारत राईस मिल को 6 लॉट का आवंटन किया गया। मनीषा-हरिहर वेयरहाउस से 12,358 क्विंटल धान का उठाव खनूजा राईस मिल द्वारा किया गया।

**जांच एवं समाधान के दिए निर्देश**-वेयरहाउस प्रबंधकों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर कलेक्टर ने गंभीरता दिखाते हुए डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी को तत्काल जांच कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में माँ नर्मदा राईस मिल, भारत राईस मिल, वाहे गुरु राईस मिल, अंश राईस मिल, खनूजा राईस मिल, हरिहर राईस मिल, बजरंग राईस मिल, सिद्धि विनायक राईस मिल के संचालक/प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी होंगे सम्मानित

जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 22 नवंबर।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री सिविल, उपयंत्री मेकेनिकल उपस्थित हुए।

बैठक में निरीक्षणकर्ता अधिकारी एवं संबंधित संविदाकार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े ।बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 75 प्रतिशत से अधिक पूर्ण 48 नल जल योजनाओं की समीक्षा की गई, बैठक में विगत समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। 75 प्रतिशत से अधिक प्रगतिरत नल जल योजनाओं को 30 नवंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिन ग्रामों में विद्युत के कारण नल जल प्रदाय प्रभावित हो रही है ग्राम की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

### जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

पुनरीक्षित कार्य में विलंब के कारण लापरवाही बरतने वाले संविदाकार सुरेंद्र प्रसाद ओझा एवं मनेंद्र कुमार को दिए गए निर्देशानुसार फॉर्मेट में शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए उक्त कार्य की समीक्षा बैठक कलेक्टर द्वारा किया जावेगा। जल जीवन मिशन में 75 प्रतिशत प्रगति वाले 48 ग्रामों को शत प्रतिशत करने में उत्कृष्ट कार्य हेतु संबंधित उपयंत्री को कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया जाएगा।



## निष्क्रिय खातों के प्रति लोगों को किया जागरूक

अनक्लेम्ड असेट्स के प्रति जागरूकता शिविर आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 22 नवंबर।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' थीम पर अनक्लेम्ड अशेट्स के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान एस सरवन आरबीआई, एलडीओ, रविशंकर एलडीएम, बैंकर्स के प्रतिनिधि, बीमा कंपनी के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि इस अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को ऐसे निष्क्रिय खातों के बारे में अवगत कराया गया, जिसमें पिछले 10 वर्षों से कोई भी लेन देन नहीं हुआ है। आरबीआई प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि ऐसे सभी अदावाकृत एवं निष्क्रिय खातों को पून: सक्रिय करने हेतु नागरिकों में जागरूकता बढ़ाई जा रही है। साथ ही अदावाकृत बीमा के पुन: दावा हेतु नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

### बैंक से संपर्क कर पुन: दावा कर सकते हैं

अंत में कलेक्टर भदौरिया ने बैठक में उपस्थित सभी बैंक एवं बीमा प्रतिनिधियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस अभियान को कैम्प मोड के माध्यम से प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा अपील की जाती है कि ऐसे नागरिक, जिनका खाता निष्क्रिय हो चुके हैं वो इस अभियान का लाभ उठाते हुए बैंक से संपर्क कर पुन: दावा कर अपनी राशि प्राप्त कर सकते हैं।





## संस्कृत विद्यापीठ के छात्रों को प्रथम स्थान

कवि कालिदास स्मृति राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

**चिल्हारी, नवभारत।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत स्थित ग्राम छपडौर के स्वामी श्री संत शरण संस्कृत विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं ने कवि कालिदास स्मृति में उज्जैन में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम स्थान हासिल किया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मानपुर विधानसभा मुख्यालय ग्राम छपडौर स्थित विद्यापीठ के छात्रों का चयन किया गया, वहीं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 14 नवंबर से 16 नवंबर तक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश के नौ संभाग की टीमों ने नृत्य नाटिका, श्लोक पाठ एवं चित्रकला की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं।

इसमें स्वामी संत शरण संस्कृत विद्यापीठ छपडौर के छात्रों द्वारा पेश की गई मनमोहक कला के साथ ऐतिहासिक प्रदर्शन को देख स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। छात्रों द्वारा श्लोक पाठ एवं नृत्य नाटिका को अलौकिक तरीके से पेश किए जाने पर पूरे राज्य में उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

# बेसहारा और जरूरतमंदों को किए कम्बल वितरित

हिंदू-मुस्लिम एकता मंच की सराहनीय पहल

**नवभारत उमरिया 22 नवंबर।** समाज सेवा और मानवता की मिसाल बन चुके हिंदू मुस्लिम एकता मंच ने इस वर्ष भी अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गरीब, बेसहारा लोगों को कम्बल वितरण कर उनकी सहायता की।

ठंड के दस्तक देते ही जिले के कई ऐसे परिवार सामने आते हैं जिनके पास न पर्याप्त गर्म कपड़े होते हैं और न ही ठंड से बचने के साधन। ऐसे समय में हिंदू मुस्लिम एकता मंच द्वारा चलाया गया यह अभियान न केवल राहत देता है, बल्कि समाज में संदेश भी पहुंचाता है कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंच के सदस्यों ने शहर और आस-पास के गांवों में उन लोगों को चिन्हित किया, जो अत्यधिक जरूरतमंद हैं।



**पूरी सर्दी लगातार चलेगा अभियान**-मंच के कार्यकर्ताओं ने ठंड में रात में भ्रमण कर ऐसे लोगों तक कम्बल पहुंचाएं। मंच की टीम ने बताया कि यह अभियान मात्र एक दिन की गतिविधि नहीं, बल्कि पूरी सर्दी भर लगातार चलाया जाएगा।

**हर गरीब तक कम्बल पहुंचाएंगे : असलम**-कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मो. असलम शेर ने भावपूर्ण उद्बोधन देते हुए कहा कि मंच का उद्देश्य कभी भी किसी धर्म, जाति या वर्ग तक सीमित नहीं रहा है। हमारी पहचान सिर्फ और सिर्फ मानवता से है। जो ठंड में ठिठुर रहा है, वह किसी धर्म का नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए मंच पूरी सर्दी तक लगातार अभियान चलाएगा और हर गरीब तक कम्बल पहुंचाएगा।

# बाल विवाह निषेध अधिनियम की दी जानकारी

**डिंडौरी, नवभारत 22 नवंबर।** विगत दिवस शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सक्का एवं किशलपुरी में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति, उत्पीड़न या सहायता की आवश्यकता होने पर 1098 टोल-फ्री नंबर पर तुरंत संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही किशोरों के जेनेरिक समाजीकरण, आत्म-सुरक्षा, जागरूकता और सुरक्षित व्यवहार के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान छात्रों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया एवं उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से परिवीक्षा अधिकारी प्रकाश यादव, परामर्शदाता सुषमा डोंगरे, आउटरीच कार्यकर्ता पूजा टेकाम आदि उपस्थित रहे।

## सहायक शिक्षक व प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**चिल्हारी ।** प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह ने इन्द्रपाल दहायत, सहा. शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक शा. हाईस्कूल असोढ विकासखण्ड मानपुर को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण में रुचि नहीं लेने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विस क्षेत्र 90-मानपुर के मतदान केन्द्र 21 से 30 में नियुक्त बीएलओ सुपरवाईजर इन्द्रपाल दहायत, सहा. शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक असोढ विकासखण्ड मानपुर द्वारा आवंटित मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के गणना-पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य किराया गया है, जो असत्य है, श्री दहायत, सहा. शिक्षक द्वारा अपने आवंटित मतदान केन्द्रों में सतत भ्रमण नहीं किया गया और न ही बीएलओ से संपर्क किया गया। गूगल मीट के दौरान उनके द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग कर अभद्र व्यवहार किया गया व कार्य की प्रगति कम होने के संबंध में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे उन्हें निलंबित किया गया।

**सूचना**

**विविध स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ज्ञात हुआ है कि नवभारत जबलपुर संस्करण के उमरिया जिले के पूर्व ब्यूरो सतीश विश्वकर्मा (आधार नंबर 920801950500) अभी भी नवभारत के नाम पर समाचार/ विज्ञापन संकलन कर रहे हैं। अत: सर्व सूचित हो कि सतीश विश्वकर्मा नवभारत पत्र समूह से संबद्ध नहीं हैं ।**

**प्रसार विभाग नवभारत**